प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रदेश में आज से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू होगी–4 नवम्बर से बीएलओ घर–घर जाकर गणना प्रपत्र देंगे।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर में बन रहे वंदे भारत कोच मेन्टेनेंस डिपो के विस्तार की परियोजना को मंजूरी दी।
- प्रदेश में शुरू हुए बारिश के दौर से मौसम में ठंडक घुली –आज दक्षिण पूर्वी भागों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी।
- राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम और जागरूकता बढाने के लिए एडवाइजरी जारी की।

0000

प्रदेश में आज से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। ये अगले साल 7 फरवरी तक चलेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि आज से 3 नवम्बर तक प्रशिक्षण और गणना प्रपत्र की छपाई का काम होगा। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ घर घर जाकर गणना प्रपत्रों के वितरण और संग्रहण का काम करेंगे। 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जायेगा। 8 जनवरी तक दावे और आपत्तियां ली जायेंगी। 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। एसआईआर के तहत मृत स्थानान्तरित और डुप्लीकेट वोटर हटाये जायेंगे और नये पात्र मतदाता जोडे जायेंगे। श्री महाजन ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार 5 करोड़ 48 लाख 84 हजार से अधिक मतदाता है। एसआईआर कार्यक्रम के तहत 52 हजार से अधिक बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाकर इनकी जांच करेंगे।

0000

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोधपुर में बन रहे वंदे भारत कोच मेन्टेनेंस डिपो के विस्तार की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए 195 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे मेन्टनेंस डिपों के विस्तार के साथ एक बहुउद्देश्यीय वर्कशॉप और वर्ल्ड क्लास ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की जायेगी।

0000

श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से खदान श्रमिको के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। इसमें 31 अक्टूबर तक आवेदन किये जा सकते है। अजमेर की श्रमिक कल्याण प्रशासक डॉ. रश्मि रेखा ने बताया कि ये योजना चूना, पत्थर, अभ्रक और बीडी श्रमिकों के बच्चों के लिए चलाई जा रही है।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कोलकाता में '**प्रवासी राजस्थानी मीट**' में भाग लेंगे। राजस्थान को निवेश और उद्योग का केन्द्र बनाने के उद्देश्य से इस मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री कारोबारियों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करेंगे। इसके साथ ही निवेशकों से संवाद भी करेंगे।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा विश्वविद्यालय परिसर में बनने वाले सभागार और परीक्षा अनुभाग भवन का शिलान्यास किया। इन पर लगभग 38 करोड़ रूपये की राशि खर्च की जायेगी। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विश्वविद्यालयों को ज्ञान केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों में नई सोच, तकनीकी दक्षता और अनुसंधान प्रवृत्ति को बढावा मिलेगा।

0000

प्रदेश में शुरू हुए बारिश के दौर से तापमान में गिरावट आई है और मौसम में ठंडक घुल गई है। कई स्थानों पर तापमान में 6 से 8 डिग्री सैल्सियस तक की कमी आई है। बीते 24 घंटों में कोटा, बारां, करौली, भीलवाडा, चित्तौडगढ, उदयपुर और जयपुर सहित कई स्थानों पर बरसात हुई। सबसे अधिक 7 सेंटीमीटर बारिश प्रतापगढ में रिकॉर्ड हुई। वहीं डूंगरपुर में भी करीब 6 सेंटीमीटर पानी बरसा। भरतपुर में कल से शुरू हुआ बरसात का दौर अभी तक बना हुआ है। सवाईमाधोपुर में भी रिमझिम बारिश का दौर जारी है।

-----

उदयपुर में भी दिनभर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। शहर और आसपास के केचमेन्ट क्षेत्रों में बारिश से जलस्तर बढने पर उदय सागर बांध के दो गेट खोल दिये गये है। जिले के मावली, घासा कानोदर, कुडी और बेदला में बारिश से कई जगह खेतों में पानी भर गया। मौसम विभाग ने आज उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ और चित्तौडगढ जिलों के लिए बरसात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही कोटा संभाग में भी कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार है। राज्य के दक्षिणी भागों में हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां नवम्बर के पहले सप्ताह में भी जारी रहने की संभावना है। वहीं बीकानेर और शेखावाटी क्षेत्र में मौसम अगले एक सप्ताह तक शुष्क रहने के आसार है।

00000

राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधों पर रोक लगाने और जागरूकता बढाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत पेंशन धारको को भी साईबर अपराधों से सचेत रहने की सलाह देते हुए जीवन प्रमाण पत्र अपडेट करने के नाम पर ओटीपी साझा नहीं करने को कहा गया है। साईबर क्राइम उप महानिरीक्षक विकास शर्मा ने बताया कि साईबर अपराधी पेंशन निदेशालय से जुडे प्रमाण पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के बहाने पेंशन धारकों से धोखाधडी कर रहे हैं। इसकी कई शिकायते मिलने के बाद पुलिस ने पेंशन धारकों से सजग रहने की अपील की है।

0000

उगते सूरज को अर्घ्य अर्पण करने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व छठ आज सम्पन्न हुआ। प्रदेशभर में भक्तों ने नदियों और तालाबों में जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने सूर्य देव से सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही जलाशय छठी मैया के जयघोष से गूंज उठे।
छठ महापर्व में इससे पहले कल डूबते सूरज को अर्घ्य अर्पित किया गया।

0000

बाडमेर जिले में इन दिनों सुगम्य बाडमेर अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्मम से दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा रहा है। कल धोरीमन्ना में आयोजित शिविर में करीब 300 दिव्यांगों ने पंजीकरण करवाया। इसी कडी में बाडमेर में दो दिन का पैरा खेल महोत्सव भी आयोजित किया जायेगा।

0000